
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**पुण्यतिथि विशेष**

**08 अक्टूबर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जब तक प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में राष्ट्रवाद की भावना का विकास नहीं होगा तब तक देश का सर्वांगीण विकास नहीं हो सकता।

**लोकनायक जयप्रकाश नारायण**

**( स्वाधीनता सेनानी )**

मृत्यु **: 08** अक्टूबर **1979**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org


## मधु प्रिया


## भारतीय वायु सेना की स्थापना 8 अक्टूबर




भारतीय वायु सेना ( आईएएफ ) भारतीय सशस्त्र बलों की वायु सेना है । इसका प्राथमिक मिशन भारतीय हवाई क्षेत्र को सुरक्षित करना और सशस्त्र संघर्षों के दौरान हवाई युद्ध करना है। इसे आधिकारिक तौर पर 8 अक्टूबर 1932 को ब्रिटिश साम्राज्य की सहायक वायु सेना के रूप में स्थापित किया गया था, जिसने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारत की विमानन सेवा को रॉयल उपसर्ग से सम्मानित किया था । 1947 में भारत को यूनाइटेड किंगडम से आजादी मिलने के बाद , रॉयल इंडियन एयर फोर्स का नाम रखा गया और डोमिनियन ऑफ इंडिया के नाम पर रखा गया । 1950 में गणतंत्र में परिवर्तन के साथ, उपसर्गरॉयल को हटा दिया गया। भारतीय वायु सेना का आदर्श वाक्य "नभः स्पृशं दीप्तम्" अर्थात "टच द स्काई विद ग्लोरी" है। इसकी स्थापना 8 अक्टूबर 1932 को हुई थी। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। केंद्र सरकार ने 26 सितंबर, 2023 को घोषणा करते हुए बताया कि एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया के 30 सितंबर को सेवानिवृत्त होने के बाद एयर मार्शल विवेक चौधरी भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के अगले प्रमुख के रूप में पदभार संभालेंगे। एयर मार्शल विवेक चौधरी वर्तमान में भारतीय वायु सेम  के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। आमतौर पर वायुसेना अपना कर्तव्य पालन करने के लिए वायु नियंत्रण करती है जिसमे की दुश्मन सेना के विमान विशेष तोर पर लड़ाकू विमानों को नष्ट करना, शत्रु पर बमबारी और सतेही सेना को सामरिक सहायता प्रदान करना होता है। वायुसेना कई प्रकार के साजो सामान काम में लेती है व जिसमे विभिन्न प्रकार के हथियार व विमान शामिल होते है।

# पुण्यतिथि विशेष 08 अक्टूबर




**मुंशी प्रेमचंद** *Munshi Premchand*, जन्म: 31 जुलाई, 1880 - मृत्यु: 8 अक्टूबर, 1936) भारत के उपन्यास सम्राट माने जाते हैं जिनके युग का विस्तार सन् 1880 से 1936 तक है। यह कालखण्ड भारत के इतिहास में बहुत महत्त्व का है। इस युग में भारत का स्वतंत्रता-संग्राम नई मंज़िलों से गुज़रा। प्रेमचंद का वास्तविक नाम **धनपत राय श्रीवास्तव** था।

# MATH TLM

52 Class-6to8

## लाभ और हानि (profit and loss)

### क्रय मूल्य (cost price)-

जिस मूल्य पर कोई वस्तु खरीदी जाती है उसे उस वस्तु का क्रय मूल्य कहते हैं।

### विक्रय मूल्य (selling price)-

जिस मूल्य पर कोई वस्तु बेची जाती है उसे उस वस्तु का विक्रय मूल्य कहते हैं।

Anu Priya, Science Teacher




## ईरानी कप के बारे में जानिए

ईरानी कप भारत का फर्स्ट क्लास क्रिकेट टूर्नामेंट है, जो हर साल रणजी ट्रॉफी जीतने वाली टीम और शेष भारत (रेस्ट ऑफ इंडिया) की टीम के बीच खेला जाता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) इस टूर्नामेंट का आयोजन कराता है। यह टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी के बाद आयोजित किया जाता है और घरेलू क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को एक साथ खेलने का मौका देता है।

ईरानी कप 1959-60 सीजन में रणजी ट्रॉफी की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए शुरू किया गया था। इसका नाम जाल आर ईरानी के सम्मान में रखा गया, जो लंबे समय तक BCCI के कोषाध्यक्ष और अध्यक्ष रहे।

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **08.10.2025**

## संवाद कौशल

संवाद कौशल विचारों, भावनाओं और जानकारी को दूसरों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने और दूसरे के विचारों को सही ढंग से समझने की क्षमता है। इसमें बोलना, सुनना, लिखना और हाव-भाव जैसी क्रियाएँ शामिल हैं। प्रभावी संवाद से आपसी समझ बढ़ती है, विश्वास पैदा होता है और सामाजिक व व्यावसायिक रिश्तों में सुधार होता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



ओडिशा के नुआपाड़ा जिले की 95 वर्षीय **सबिती माझी** ने सिंगाझर गाँव में **खेल का मैदान** बनाने के लिए अपनी 5 एकड़ ज़मीन दान की है। यह गाँव **इंटर-स्टेट बुधराजा क्रिकेट कप** की मेज़बानी के लिए जाना जाता है।

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल

### अनन्नास



मुझमें विटामिन सी के साथ ही विटामिन बी6, मैग्नीशियम, राइबोफ्लेविन, कॉपर, आयरन, पोटैशियम, फाइबर आदि भरपूर मात्रा में होता है।

Anu priya

# पद्य पंकज

"

कोई मुझे बता दे, क्या आज हो रहा है,
मुँह को छुपा तिमिर में क्यों तेज रो रहा है?
दाता, पुकार मेरी ,संदीप्ति को जिला दे,
बुझती हुई शिखा को संजीवनी पिला दे।
प्यारे स्वदेश के हित अंगार मांगता हूं।
चढती जवानियों का श्रृंगार मांगता हूं।

**रामधारी सिंह दिनकर**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

# ToB बूझो तो जानें..

534


मेरे नाम से सब डरते हैं , मेरे लिए सब परिश्रम करते हैं ..बुझो तो जानें ?





www.teachersofbihar.org

संजय कुमार


8 अक्टूबर
पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
जयप्रकाश नारायण
11 अक्टूबर 1902 - 8 अक्टूबर1979
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
मुंशी प्रेमचंद
जन्म - 31 जुलाई 1880
मृत्यु - 8 अक्टूबर 1936
Madhu priya
/teachersofbihar


Spelling
Reading
Writing
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Speaking
Listening
World
Dyslexia Day
8 October
Behaviour
Memory
Direction
Intelligence
Speed
Planning
Visual Processing
Madhupriya


भारतीय वायुसेना दिवस
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
8 अक्टूबर
भारतीय
वायु सेना
नभ स्पृशं दीप्तम्
Madhu priya
www.teachersofbihar.org